# 9 मारवाड़ का राठौड़ राजवंश

1. मेवाड़ के विरुद्ध लड़ा गया युद्ध 'हरमाड़ा का युद्ध' जिसमें मालदेव ने हाजी खां की सहायता की थी। हरमाड़ा वर्तमान में किस जिले में स्थित है?
(1) जोधपुर ग्रामीण (2) जयपुर
(3) ब्यावर (4) सलूम्बर

2. औरंगजेब ने जब शहजादा अकबर को मेवाड़ व मारवाड़ का दमन करने भेजा तब मुगल गद्दी पाने के लालच में आकर शत्रु सेना से मिल गया तथा 1 जनवरी, 1681 में उसने किस स्थान से स्वयं को भारत का सम्राट घोषित किया?
(1) नाडोल– पाली (2) मेड़ता– नागौर
(3) बनेड़ा– शाहपुरा (4) सराड़ा– सलूम्बर

3. राव जोधा ने जोधपुर की स्थापना कब की?
(1) 1459 ई. (2) 1488 ई.
(3) 1156 ई. (4) 1559 ई.

4. "मैं मुट्ठी भर बाजरे के लिए हिन्दुस्तान की बादशाह खो देता।"– यह कथन किसका है?
(1) हुमायुं (2) शेरशाह सुरी
(3) अकबर (4) जहाँगीर

5. मारवाड़ का प्रथम राठौड़ शासक, जिसे अकबर की अधीनता स्वीकार करने के बाद जोधपुर की राजगद्दी दी गई?
(1) रावचन्द्र सेन (2) राव गंगा
(3) राव मालदेव (4) मोटा राजा उदयसिंह

6. अकबर ने अपनी 1570 की नागौर यात्रा के समय जोधपुर दुर्ग किसको सुपुर्द किया था?
(1) सुरजन हाड़ा (रणथम्भौर) (2) रायसिंह (बीकानेर)
(3) मानसिंह (आमेर) (4) अमरसिंह (नागौर)

7. कौनसा शासक 'मारवाड़ का दूसरा पितृहंता' कहलाता है?
(1) राव मालदेव (2) अजीत सिंह
(3) बख्त सिंह (4) राज सूजा

8. 1883 ई. में स्वामी दयानन्द सरस्वती को दूध में शीशा घोलकर पिलाने वाली नन्हीं जान (वेश्या) किस शासक की प्रेमिका थी?
(1) जसवंत सिंह प्रथम (2) जसवंत सिंह द्वितीय
(3) बख्त सिंह (4) अभयसिंह

9. मारवाड़ की ख्यात में किस शासक को '52 युद्धों का विजेता' कहा गया है?
(1) रावचन्द्र सेन (2) अजीत सिंह
(3) राव मालदेव (4) मोटा राजा उदयसिंह

10. पाहेबा के युद्ध में बीकानेर के राव जैतसी को हराने वाला मारवाड़ का शासक था?
(1) राव सूजा (2) राव जोधा
(3) राव मालदेव (4) मोटा राजा उदयसिंह

11. मारवाड़ के राठौड़ वंश का संस्थापक हैं?
(1) राव मालदेव (2) राव जोधा
(3) राव सीहा (4) राव धूहड़

12. 1564 ई. में अकबर की सेना द्वारा जोधपुर पर आक्रमण के समय राव चन्द्रसेन ने जोधपुर से भाग कर कहाँ शरण ली थी?
(1) सोजत (2) भाद्राजूण
(3) फलौदी (4) पोकरण

13. 'मारवाड़ का प्रताप' किसे कहा जाता है?
(1) राव मालदेव (2) राव चन्द्रसेन
(3) राव चूँडा (4) दुर्गादास राठौड़

14. अबुल फज़ल ने मारवाड़ के किस शासक को 'हशमत वाला शासक' कहा था?
(1) रावचन्द्र सेन (2) राव गंगा
(3) राव मालदेव (4) राव उदयसिंह

15. जोधपुर के मोटाराजा उदयसिंह ने अपनी पुत्री जगत गुंसाई (जोधाबाई) का विवाह किस मुगल के साथ किया?
(1) शाहजहाँ (2) जहाँगीर
(3) अकबर (4) औरंगजेब

16. इतिहास में वर्णित 'मतीरे की राड़' निम्न में से किन दो शासकों के मध्य संघर्ष हुआ?
(1) कल्याण व अमर सिंह राठौड़ (2) अमर सिंह राठौड़ व कर्ण सिंह
(3) कर्ण व सुरसिंह (4) अमर सिंह राठौड़ व जयसिंह

17. राजकुमारी कृष्णा कुमारी को लेकर किन रियासतों के मध्य विवाद हुआ था?
(1) उदयपुर– झालावाड़ (2) कोटा– जयपुर
(3) जोधपुर– जयपुर (4) जोधपुर– बीकानेर

18. मारवाड़ का वह प्रथम शासक जिसने मुगलों के साथ वैवाहिक संबंध स्थापित किए?
(1) सुरसिंह (2) गजसिंह
(3) मोटा राजा उदयसिंह (4) अजीत सिंह

19. जोधपुर में जसवंत थड़ा का निर्माण किस शासक द्वारा करवाया गया जिसे 'राजस्थान का ताजमहल' कहा जाता है?
(1) सरदार सिंह (2) सुमेर सिंह
(3) जसवंत सिंह द्वितीय (4) महाराज उम्मेद सिंह

20. (i) तुंगा का युद्ध, (ii) सेवकी का युद्ध, (iii) गिरी सुमेल का युद्ध, (iv) हरमाड़ा का युद्ध।
इन युद्धों को सही तिथि क्रम में रखते हुए उत्तर का चयन कीजिए–
(1) ii, i, iii व iv (2) iii, ii, i व iv
(3) iv, ii, iii व i (4) ii, iii, iv व i

21. जोधपुर के शासक अजीत सिंह को 'राजराजेश्वर' की उपाधि निम्न में से किस मुगल बादशाह द्वारा दी गई थी?
(1) फर्रूखशियर (2) शाहजहां
(3) औरंगजेब (4) बहादुर शाह

22. शेरशाह सूरी ने कहा कि ''काश जैता और कूंपा जैसे वीर मेरे पास होते तो मैं आज एकछत्र हिन्दुस्तान का शासक होता'' उक्त कथन किस शासक के महान सेनापतियों के बारे में कहा गया है?
(1) राव जोधा (2) महाराणा उदयसिंह
(3) महाराणा सांगा (4) मालदेव

23. जोधपुर के महाराजा उम्मेद सिंह ने मारवाड़ की ओर से संविधान सभा का प्रतिनिधि किसे नियुक्त किया था?
(1) मोहनलाल सुखाड़िया (2) जय नारायण व्यास
(3) सागरमल गोपा (4) सर प्रताप सिंह

24. किस जोधपुर शासक ने अपने दरबारी कवि बाकींदास को देश निकाला दिया था?
(1) मानसिंह (2) जसवंत सिंह द्वितीय
(3) भीमसिंह (4) मालदेव

25. निम्न में से कौनसा साहित्यकार गिरि सुमेल के युद्ध में उपस्थित था, जिसने इस युद्ध का वर्णन अपनी पुस्तक में किया है?
(1) अबुल फजल (2) अब्बास खाँ सरवानी
(3) फरिश्ता (4) बदायुर्नी

26. खेजड़ली घटना (1730) की स्मृति में पहली बार खेजड़ी दिवस कब मनाया गया?
(1) 12 सितम्बर, 1978 (2) 12 सितम्बर, 1968
(3) 12 दिसम्बर, 1978 (4) 12 दिसम्बर, 1968

27. जोधपुर में स्थित नाथ संप्रदाय की प्रमुख पीठ महामन्दिर का निर्माण किस शासक द्वारा करवाया गया?
(1) मानसिंह (2) जगतसिंह (3) गजसिंह (4) रायसिंह

28. निम्न में से किस मारवाड़ शासक ने मुगलों की सेवा नहीं की?
(1) अजीत सिंह (2) जसवंत सिंह द्वितीय
(3) मालदेव (4) मोटा राजा उदयसिंह

29. प्रथम विश्वयुद्ध में मारवाड़ के किस शासक की सेवा से प्रसन्न होकर अंग्रेजों ने उन्हें 'जी.सी.बी. और लेफ्टिनेट' उपाधियों से नवाजा था?
(1) महाराजा सुमेर सिंह (2) महाराजा उम्मेद सिंह
(3) महाराजा सरदार सिंह (4) महाराजा हनुवंत सिंह


30. जोधपुर के किस शासक को अकबर ने 'सवाई राजा' की उपाधि प्रदान की थी?
(1) राव सूरत सिंह (2) जसवंत सिंह
(3) राव सूरसिंह (4) अमर सिंह

Dhindhwal Publication

## अध्यापक भर्ती के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–

Dhindhwal Publication




– Dhindhwal Publication
– धींधवाल पब्लिकेशन
– Dhindhwal Classes
– @Publication-DP
– Dhindhwal Publication

टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।